ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125

बुलेटिन संख्या–०१
दिनांक- मंगलवार, ०३ जनवरी, २०२३

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय बेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 16.7 एवं 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 99 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 84 प्रतिशत, हवा की औसत गति 1.3 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पण 0.53 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 0.1 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से0मी0 की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 14.0 एवं दोपहर में 18.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा।

मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
(04–08 जनवरी, 2023)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 04–08 जनवरी, 2023 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- इस अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान साफ तथा मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। वातावरण में अधिक नमी तथा पछिया हवा चलने के कारण पिछले दो दिनों से कोल्ड डे (Cold Day) की स्थिति बनी हुई है। पूर्वानुमानित अवधि में भी ठण्ड का प्रकोप जारी रहने की सम्भावना है। अधिक नमी तथा सामान्य से कम तापमान के प्रभाव से अधिकांश स्थानों में हल्के से मध्यम कुहासे छा सकते है।
- पूर्वानुमान की अवधि में दिन का तापमान, सामान्य तापमान से 5–6 डिग्री सेल्सियस कम तथा रात का तापमान, सामान्य तापमान से 2–3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की सम्भावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।
- पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 7 से 10 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की संभावना है।
- सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 85 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 60 प्रतिशत रहने की संभावना है।

• समसामयिक सुझाव

- अभी का मौसम आलु की फसल में पिछेती झुलसा रोग के लिए अनुकुल है। इसके बचाव हेतु २.० से २.५ ग्राम इण्डोफिल एम० ४५ फफूँदी नाशक दवा का प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर छिड़काव करें। इस छिड़काव के ८-१० दिनों बाद पुनः रीडोमिल दवा का १.५ से २.० ग्रम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर छिड़काव करें।
- वर्त्तमान मौसम में मटर,टमाटर, धनियाँ, लहसून एवं अन्य रबी फसलो में कृषक भाई झुलसा रोग की निगरानी करें। बदलीनुमा मौसम तथा वतावरण में नमी होने पर यह बीमारी फसलों में काफी तेजी से फैलती है। इस रोग में फसलों की पत्तियों के किनारे व सिरे से झुलसना प्रारंभ होती है जिसके कारण पूरा पौधा झुलस जाता है। इस रोग के लक्षण दिखने पर २.५ ग्राम डाई-इथेन एम० ४५ फफूँदनाशक दवा का प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर समान रुप से फसल पर २-३ छिड़काव १० दिनों के अन्तराल पर करें।
- आम और लीची के बाग में सिंचाई तथा कर्षण क्रिया (निराई-गुड़ाई) नहीं करे। ऐसा करने से पेड़ों में पुष्पण की क्रिया प्रभावित होगी।
- फूलोंवाली फसलों में नमी बनाये रखें तथा रीडोमिल नामक दवा का १.५ ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर १०-१५ दिनों के अन्तराल पर छिड़काव करने से पौधों को पाले के प्रकोप से बचाया जा सकता है।
- कम तापमान को घ्यान में रखते हुए आलू, गेहुँ, मक्का, पपीता, केला एवं सब्जियों वाली फसलों को कम तापमान से बचाव हेतु खेतो में उपयुक्त नमी बनाये रखे।
- सरसों में सफेद रतुआ (व्हाईट रस्ट) रोग की निगरानी करें। इस रोग का प्रकोप फसल में दिखने पर इसके बचाव हेतु क्लोरथालोंनील दवा १ ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव मौसम साफ रहने पर ही करें।
- नवम्बर माह के शुरु में बोयी गई रबी मक्का की फसल जो ५५ से ६० दिनों की अवस्था में है। इन फसलों में ५० किलोग्राम नेत्रजन उर्वरक का व्यवहार कर मिट्टी चढ़ावें। मक्का की फसल में तना बेधक कीट की निगरानी करें। इसकी सूंडिया कोमल पत्तियों को खाती है तथा मध्य कलिका की पत्तियों के बीच घुसकर तने में पहुँच जाती है। तने के गुद्दे को खाती हुई जड़ की तरफ बढ़ती हुई सुरंग बनाती है। जिससे मध्य कलिका मुरझायी नजर आती है जो बाद में सुख जाती है। एक ही पौधे में कई सूंडिया मिलकर पौधें को खाती है। इस प्रकार फसल को यह काफी नुकसान पहुचाती है। उपचार हेतु फसल में फोरेट १० जी० या कार्बोफ्यूरान ३ जी० का ७-८ दाना प्रति गाभा प्रति पौधा दें। फसल में अधिक नुकसान होने पर डेल्टामिथ्रिन २५०-३०० मि०ली० प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव मौसम साफ रहने पर ही करें।
- गेहूँ की फसल जो ४० से ५० दिनों की हो गई है तो उसमे दूसरी सिंचाई कर ३० किलोग्राम नेत्रजन का प्रति हेक्टेयर की दर से उपरिवेशन करें। गेहूँ की फसल में यदि दीमक का प्रकोप दिखाई दे तो बचाव हेतु क्लोरपायरीफॉस २० ई० सी० २ लीटर प्रति एकड़ २०-२५ किलोग्रम बालू में मिलाकर खेत में शाम को छिड़क दें एवं सिंचाई करें।
- प्याज का पौध जो कि ५०-५५ दिनों का हो गया हो, तैयार क्यारी में पाँक्ति से पाँक्ति की दूरी १५ से०मी०, पौध से पौध की दूरी १० से०मी० पर रोपाई करें। पौध की रोपाई अधिक गहराई में नहीं करें। रोपाई के १०-१५ दिनों पूर्व १५-२० टन गोबर की खाद डाले। खेत की अन्तिम जुताई में ६० किलो ग्राम नेत्रजन, ८० किलो ग्राम फॉसफोरस, ८० किलो ग्राम पोटास तथा ४० किलो ग्राम सल्फर प्रति हेक्टेयर का व्यवहार करें।
- मटर की फसल में चूर्णिल फफूँदी (पाउडरी मिल्डयु) रोग की निगरानी करें, जिसमें पत्तीयों, फलों एवं तनों पर सफेद चूर्ण दिखाई पड़ती है। इस रोग से वचाव के लिए फसल में कैराथेन दवा का १ मिलीलीटर प्रति लीटर पानी अथवा सल्फेक्स दवा का ३ ग्रम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।
- तापमान में गिरावट के कारण दुधारु पशुओं के दुध उत्पादन में आयी कमी को दूर करनें के लिए हरे एवं शुष्क चारे के मिश्रण के साथ नियमित रुप से ५० ग्राम नमक, ५० से १०० ग्राम खनिज मिश्रण प्रति पशु एवं दाना खिलावें। बिछावन के लिए सुखी घास या राख का उपयोग करें।

आज का अधिकतम तापमानः 14.2 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 9.1 डिग्री सेल्सियस कम	आज का न्यूनतम तापमानः 11.5 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक

(डॉ0 गुलाब सिंह)
तकनीकी पदाधिकारी (कृषि मौसम)

(डॉ0 ए. सत्तार)
वरीय वैज्ञानिक सह नोडल पदाधिकारी (कृषि मौसम)